माँ तेरा इन्तज़ार है

अखियों का नूर है तू दिल का क़रार है,
आजा शेरों वालिए माँ तेरा इन्तज़ार है.....

पूरा विश्वास हमें, आएगी तू माँ,
भगतों की ख़ुशियाँ बढ़ाएगी तू माँ,
रस्ता निहारे तेरा सारा परिवार है....

जब जब मैया तेरी ज़रूरत पड़ी,
नज़र तू आई हमको पास ही खड़ी,
बच्चों पे हमेशा किया तूने उपकार है.....

हर दिल चाहे ये ही हर दिल कहे,
सुख में भी दुख में भी पास माँ रहे,
अंग संग तू है तो माँ सब स्वीकार है.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29130/title/maa-tera-intzaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |